# डॉ० शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कर्णप्रयाग

# मोनाल
ई-पत्रिका

अप्रैल-जून 2024



पत्रिका के नए अंक में आपका स्वागत है।

## एक झलक...

✦ महाविद्यालय में आयोजित छात्र चित्रकार अजय कुमार की आर्ट प्रदर्शनी ने मोहा सबका मन



✦ प्राचार्य, डॉ० के० एल० तलवाड़ दीर्घ व सफ़ल राजकीय सेवाएं देकर हुए ससम्मानित सेवानिवृत्त



✦ वनों को आग से बचाये रखने के लिए शुरू किया जागरूकता अभियान






इस पत्रिका में आप पाएंगे:

महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं व अन्य गतिविधियों की सम्पूर्ण जानकारी











## महाविद्यालय में आयोजित चित्रकार छात्र अजय कुमार की आर्ट प्रदर्शनी को दर्शकों ने खूब सराहा

**21 मार्च,**

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट के सहयोग से कालेज के उभरते हुए चित्रकार छात्र अजय कुमार द्वारा बनाये गये चित्रों और पोस्टरों को आर्ट गैलरी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। प्राचार्य प्रो० के० एल० तलवाड़ ने ऑडिटोरियम में लगाई गई प्रदर्शनी का फीता काट कर विधिवत उद्घाटन किया। प्राचार्य के कहा कि अजय कुमार का व्यक्तित्व कला की दृष्टि से बहुत ही सराहनीय है। किसी भी व्यक्ति का पोट्रेट बनाने में अजय को महारत हासिल है। मतदाता जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण व गंगा स्वच्छता पर अजय ने अपनी बेहतरीन कला का प्रदर्शन किया है। अजय को इसी क्षेत्र में अपना कॅरिअर बनाना चाहिए, इसके लिए महाविद्यालय परिवार पूरा सहयोग करेगा। विशिष्ट अतिथि गोविंद सिंह तोपाल ने कहा कि जनपद चमोली के थापली डांग बणियास ग्राम निवासी अजय अत्यंत साधारण परिवार से ताल्लुक रखता है किंतु प्रतिभा का धनी है। इस अवसर पर एन० एस० एस० के सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक कलाकार विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत गंगा स्वच्छता पखवाड़े में बनाये गये पोस्टरों को भी प्रदर्शित किया गया।एन०एस०एस० स्वयंसेवियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दी। आर्ट गैलरी के आयोजन में एन०एस०एस० की वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा० चन्द्रावती टम्टा, कार्यक्रम अधिकारी डा० हिना नौटियाल व नमामि गंगे के नोडल अधिकारी डा० तौफिक अहमद सहित एन०एस०एस० स्वयंसेवियों का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर प्रो० भारती सिंघल, श्री अखिलेश कुकरेती सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।










## छात्र- छात्राओं को 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु आवश्यक पंजीकरण के लिए किया प्रोत्साहित

**21 मार्च,**

महाविद्यालय के देवभूमि उद्यमिता विकास योजना की समिति के संयोजक डॉ० हरीश बहुगुणा व प्रशिक्षक श्री कुलदीप नेगी ने अप्रैल माह में प्रस्तावित 12 दिवसीय प्रशिक्षण के लिए छात्र-छात्राओं को जागरूक किया व अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण कराने के लिए बैग व अन्य उपयोगी सामग्री वितरित कर प्रोत्साहित किया।

## डॉ० के० एल० तलवाड़ दीर्घ व सफ़ल राजकीय सेवाएं देकर हुए ससम्मानित सेवानिवृत्त

**31 मार्च,**

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० के० एल० तलवाड़ 65 वर्ष की अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गये। महाविद्यालय परिवार द्वारा उन्हें इस मौके पर भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह का संचालन करते हुए समारोहक



डा० आर० सी० भट्ट ने बताया कि प्राचार्य प्रो० तलवाड़ ने कर्णप्रयाग महाविद्यालय में अपने आठ माह के छोटे से कार्यकाल में कालेज को विशेष पहचान दिलाई। कला संकाय पीजी भवन का हस्तांतरण, नैक में 2.34 सी०जी०पी०ए० के साथ 'बी' ग्रेड व पांच लाख रुपए की प्राप्ति, मेधावी विद्यार्थियों को श्री साईं दास तलवाड़ छात्रवृति का वितरण, मासिक न्यूज लैटर मोनाल का प्रकाशन और प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान में पांच करोड़ रुपए की स्वीकृति इत्यादि उनकी विशेष उपलब्धियों में गिना जायेगा। उनकी लगभग 40 वर्षों की सेवा में उत्तरकाशी, बड़कोट, डोईवाला में प्राध्यापक तथा चकराता व कर्णप्रयाग कालेज में प्राचार्य के रूप में रचनात्मक व बेदाग छवि रही है। अपनी सेवा अवधि में पूर्ण वेतन पर मिलने वाले 12 माह के चिकित्सा अवकाश में उन्होंने सिर्फ दो महीने का ही अवकाश लिया। एन०एस०एस० के उत्तरकाशी जिला समन्वयक के रूप में राज्य स्तरीय ई-न्यूज लैटर 'युवा संकल्प' व वर्तमान में एंटी ड्रग्स अभियान की ई-पत्रिका 'संकल्प पत्र' का सफलतापूर्वक संपादन किया। उनके विदाई समारोह में शिक्षकों तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल को उपलब्धियों भरा बताया और उनके स्वस्थ भावी जीवन की कामना की। महाविद्यालय परिवार द्वारा उन्हें उपहार व विदाई पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जोशीमठ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० वी० एन० खाली, कार्यवाहक प्राचार्य श्री अखिलेश कुकरेती, श्रीमती नीलम तलवाड़, पी०टी०ए सदस्य आदि मौजूद रहे।




## जंतु विज्ञान के प्राध्यापक श्री अखिलेश कुकरेती ने संभाला प्राचार्य का दायित्व

**1 अप्रैल,**

प्राचार्य प्रो० के० एल० तलवाड़ के 65 वर्ष की अधिवर्षता आयु पूर्ण कर दिनांक 31 मार्च 2024 को सेवानिवृत्त होने के उपरान्त जन्तु विज्ञान के वरिष्ठ प्राध्यापक अखिलेश कुकरेती ने प्रभारी प्राचार्य का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त उन्होंने कहा कि वे अहर्निश महाविद्यालय की प्रगति हेतु कार्य करेंगे व शिक्षण कार्य के साथ-साथ इस महनीय दायित्व हेतु भी सन्नद्ध हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, शिक्षणेतर कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने उन्हें शुभकामनाएँ प्रेषित की।




## महाविद्यालय में युवाओं के लिए हुआ 12 दिवसीय उद्यमिता कार्यक्रम का आगाज़

**2 अप्रैल,**

महाविद्यालय में मंगलवार से 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम राज्य सरकार की ओर से संचालित उद्यमिता विकास योजना एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद की ओर से चलाया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार की ओर अग्रसर करना है। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य श्री अखिलेश कुकरेती ने कहा कि युवा उद्यमी इस देश के भविष्य हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ० हरीश बहुगुणा ने किया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण देने कुलदीप नेगी एवं राकेश मैठाणी ने दिया। इस कार्यक्रम में डॉ० आर० सी० भट्ट, डॉ० मृगांक मलासी व अन्य प्राध्यापक भरत बैरवाण, कीर्तिराम डंगवाल, हिना नौटियाल, कमल किशोर द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।



## छात्र- छात्राओं द्वारा किया गया बाज़ार सर्वेक्षण

**6 अप्रैल,**

महाविद्यालय में उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के छठवें दिन छात्र-छात्राओं ने बाजार में जाकर सर्वेक्षण किया। जिसमें उन्होंने कृष्णा पैलेस होटल व्यवसायी, कपड़ा विक्रेता, फल संरक्षण केंद्र, बेकरी प्रोडक्शन हाउस, अम्बे रेस्टोरेंट कम्प्यूटर सेंटर, प्रिंटिंग प्रेस आदि जगह जाकर विभिन्न जानकारियां प्राप्त की। बाजार सर्वेक्षण के पश्चात छात्र-छात्राओं ने नये बिजनेस प्लान पर चर्चा की।




## उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रशिक्षुओं द्वारा किया औद्योगिक दौरा

**7 अप्रैल,**

महाविद्यालय में उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के सातवें दिन रविवार को प्रशिक्षुओं ने इंडस्ट्रियल विजिट की ।प्रशिक्षुओं ने क्रमशः हिमालयन एक्शन रिसर्च केंद्र (HARC) कालेश्वर, तपोवन फूड फैक्ट्री कालेश्वर, ब्रिक एवं टाइल निर्माण कालेश्वर, फ्रेशआर्ग (freshorg) एवं नेगी फर्नीचर वर्क्स की विजिट की। इन उद्यमों में छात्र-छात्राओं ने उत्पादन की प्रक्रिया को सीखा। स्वरोजगार की संभावनाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ० हरीश बहुगुणा, कार्यक्रम समन्वयक कुलदीप नेगी, डॉ० कमल किशोर द्विवेदी, विजय कुमार, डॉ० हिना नौटियाल, डॉ० कीर्तिराम डंगवाल आदि भी मौजूद रहे।










## कौशल भारत (स्किल इंडिया) कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण

**10 अप्रैल,**

मोशन एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं को निशुल्क ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में 45 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।



## शत प्रतिशत मतदान हेतु ली गई सामूहिक शपथ

**10 अप्रैल,**

महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत छात्र/छात्राओं, शिक्षण और शिक्षणेत्तर कर्मियों ने आम चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली। संकल्प लिया कि इस हेतु सभी को प्रेरित करेंगे। विभागीय निर्देश के क्रम में कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य श्री अखिलेश कुकरेती एंव कैंपस एंबेसडर डॉ० कविता पाठक द्वारा कॉलेज परिवार को आगामी 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान किए जाने हेतु सामूहिक शपथ दिलाई गई।

## उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम सफतापूर्वक हुआ सम्पन्न

**11 अप्रैल,**

महाविद्यालय में मंगलवार 2 अप्रैल से विधिवत संचालित 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन हुआ। यह कार्यक्रम भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद के सहयोग से उत्तराखंड राज्य सरकार की उद्यमिता विकास योजना के अंतर्गत चलाया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार शूरू करने हेतु प्रोत्साहित व प्रशिक्षण देना है। कार्यक्रम का संचालन डॉ० हरीश बहुगुणा ने किया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण श्री कुलदीप नेगी एवं श्री राकेश मैठाणी ने दिया। संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR) के बारे में जानकारी के अलावा वाणिज्य विषय के सहायक प्राध्यापक श्री विजय कुमार ने पेटेंट, हीना नौटियाल ने वित्तीय प्रबंधन, श्री कमल किशोर द्विवेदी व श्री कीर्तिराम डंगवाल ने अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी व संपूर्ण कार्यक्रम के आयोजन में अग्रणी भूमिका निभाई। कार्यक्रम के समापन सत्र में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री अखिलेश कुकरेती ने उद्यमिता की स्थानीय विकास में योगदान की चर्चा की।इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## पृथ्वी दिवस पर भूगोल विभाग द्वारा आयोजित की गयी विचार गोष्ठी

**22 अप्रैल,**

महाविद्यालय में भूगोल विभाग द्वारा पृथ्वी दिवस पर विचार गोष्ठी आयोजित की गयी। जिसमें भूगोल विषय के स्नातकोत्तर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विभाग प्रभारी डा० तौफिक अहमद ने कहा कि पृथ्वी व पर्यावरण बचाना हम सभी का कर्तव्य है।

**.....शेष अगले पृष्ठ पर**



**पिछले पृष्ठ का शेष.....**

डॉ० आर० सी० भट्ट ने कहा कि इस वर्ष पृथ्वी दिवस की थीम "ग्रह बनाम प्लास्टिक " रखी गयी है। हम सबका कर्तव्य है कि हम प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करें व दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही कहा कि प्लास्टिक की थैलियों के स्थान पर जूट या कपड़े के बैग का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए आम जनमानस में चेतना लाने का प्रयास करना होगा। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री अखिलेश कुकरेती ने छात्र एवं छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण हम सब पृथ्वीवासी की साझी सम्पदा है इसको प्रदूषण से बचाने हेतु वैश्विक स्तर पर जन आन्दोलन करना होगा तभी हम अपनी पृथ्वी व अपनी आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित रख पायेंगे। इस अवसर पर भूगोल विभाग के डॉ० नेहा तिवारी पाण्डेय एवं डॉ० नरेंद्र पंघाल ने भी पृथ्वी दिवस के महत्व के बारे में अपने विचार रखे। छात्र-छात्राओं ने स्लोगन व चार्ट के माध्यम से पृथ्वी एवं पर्यावरण को बचाने का संकल्प दोहराया।




## संस्कृत विभाग में आयोजित हुए परिषदीय कार्यक्रम

**24 अप्रैल,**

संस्कृत विभाग में विभागीय परिषद् के अन्तर्गत विभिन्न कायक्रमों का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत चार्ट, श्लोकोच्चारण, भाषण एवं प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। कार्यक्रम में संस्कृत विभाग के स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विभाग प्रभारी डॉ० चन्द्रावती टम्टा ने विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया। डॉ० हरीश बहुगुणा ने छात्र-छात्राओं को संस्कृत में रोजगार के विभिन्न क्षेत्रों के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ० चन्द्रावती टम्टा, डॉ० हरीश बहुगुणा, डॉ० मृगांक मलासी सहित विभागीय परिषद् के समस्त कार्यकर्ता एवं विभाग के समस्त छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।




## इतिहास विभाग में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**30 अप्रैल,**

महाविद्यालय के इतिहास विभाग की ओर से "इतिहास प्रश्नोत्तरी" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में इतिहास से समबन्धित विभिन्न प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में नेहा नेगी एवं अभिलाष ने प्रथम स्थान, निकिता ने द्वितीय व शिवानी,मोनिका,रोहित, प्रज्ञा व प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर इतिहास विभाग के सभी प्राध्यापक श्रीमती पूनम, श्रीमती स्वाति सुन्दरियाल और डॉ० वी० आर० अन्थवाल उपस्थित रहे।



## "तारों के जीवन चक्र व उनकी ब्लैक होल में परिवर्तन होने की अवस्था" विषय पर आयोजित किया व्याख्यान

**30 अप्रैल,**


महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा "तारों के जीवन चक्र व उनकी ब्लैक होल में परिवर्तन होने की अवस्था" पर एक दिवसीय व्याख्यान आयोजित किया गया। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर के प्राध्यापक डॉ० रवि कुनियाल द्वारा व्याख्यान दिया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा पूर्ण रुचि के साथ व्याख्यान का लाभ लिया। मुख्य वक्ता का स्वागत विभागाध्यक्ष डॉ० एम० एस० कंडारी व सहायक प्राध्यापक डॉ० जितेंद्र सिंह, मंच संचालन डॉ० कमल किशोर द्विवेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्र- छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।



## राजनीति विज्ञान विभाग में आयोजित हुए परिषदीय कार्यक्रम

**2 मई,**

महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में विभिन्न विभागीय परिषद की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। चार्ट प्रतियोगिता में बी०ए० चतुर्थ सेमेस्टर की अमीषा रावत ने प्रथम स्थान, सलोनी ने द्वितीय स्थान तथा अर्चना और आयुषी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। चुनाव सुधार पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में अखिलेश रतूड़ी तथा प्रज्ञा खंडूड़ी ने प्रथम स्थान, कुमारी आयुषी ने द्वितीय स्थान तथा गुनगुन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नमंच प्रतियोगिता में प्रज्ञा ने प्रथम स्थान, अनामिका ने द्वितीय स्थान तथा पायल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया विभागीय परिषद के इन कार्यक्रमों में विभाग प्रभारी डॉ० कविता पाठक, डॉ० मदन शर्मा तथा डॉ० कीर्तिराम डंगवाल सहित राजनीतिक विज्ञान के समस्त छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।



## भौतिक विज्ञान के एम० एससी० अन्तिम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने दी विभिन्न विषयों पर अपनी प्रस्तुति

**3 मई,**

महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा एम० एससी० अन्तिम सेमेस्टर के 9 छात्र-छात्राओं की मौखिक परीक्षा आयोजित की गई। बाह्य परीक्षक के रूप में उपस्थित राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी की भौतिक विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ० नीतू पाण्डे के समक्ष छात्र-छात्राओं ने पूर्व में आबंटित विषयों पर बनाई गई पीपीटी के सहयोग से अपनी प्रस्तुति दी। डॉ० नीतू ने छात्र-छात्राओं से पीपीटी में दिखाए गए विषयों पर प्रश्न पूछे। इस अवसर पर विभाग प्रभारी डॉ० मानवेन्द्र सिंह कंडारी, डॉ० कमल किशोर द्विवेदी, डॉ० जितेंद्र सिंह मौजूद रहे।






## भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा बौद्धिक सम्पदा अधिकार पर आयोजित की कार्यशाला

**3 मई,**

कालेज के भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा आई०पी०आर० पर कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें मुख्य वक्ता, राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी की भौतिक विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ० नीतू पाण्डे (निपम कोर्डिनेटर एवं पूर्व पेटेंट वैज्ञानिक) रही। मुख्य वक्ता द्वारा पेटेंट, ट्रेडमार्क, डिजाइन, जी०आई० टैग तथा अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा-परिचर्चा की व अंत में क्विज के माध्यम से विद्यार्थियों के ज्ञान का परीक्षण किया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य श्री अखिलेश कुकरेती ने कार्यक्रम की सराहना की और विभाग को बधाई दी। मुख्य अतिथि का स्वागत भौतिक विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ० एम० एस० कण्डारी, धन्यवाद ज्ञापन संयोजक डॉ० कमल किशोर द्विवेदी, तकनीकी सहयोग डॉ० जितेंद्र सिंह डॉ० हरीश बहुगुणा, विजय कुमार व मंच संचालन बी०एससी० कक्षा के छात्र गिरीश ने किया। कार्यक्रम में समस्त विज्ञान वर्ग के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया।

## वनाग्नि सुरक्षा गोष्ठी व जागरूकता रैली का हुआ आयोजन

**6 मई,**

महाविद्यालय में वन विभाग एवं भारतीय वन्यजीव संस्थान के वैज्ञानिक डॉ० वी० पी० उनियाल के निर्देशन में आटागाड़ रेंज कर्णप्रयाग अलकनंदा भूमि संरक्षण वन प्रभाग गोपेश्वर चमोली के सहयोग से वनों को आग से बचाने हेतु

**..... शेष अगले पृष्ठ पर**




**पिछले पृष्ठ का शेष....**

वनाग्नि सुरक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में आटागाड़ रेंज के वन क्षेत्राधिकारी सहित महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री अखिलेश कुकरेती ने छात्र एंव छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वनों को आग से बचायें। आज जिस तरह जनपद चमोली एवं पूरे उत्तराखंड मे वनों में आग लगने की घटना हो रही हैं उससे जन और धन की हानि हो रही है। डॉ० आर० सी० भट्ट ने कहा कि वनों में आग लगने से आज हमारी जैव विविधता को सबसे अधिक खतरा उत्पन्न हो गया है। यदि समय रहते हमने वनों को आग लगने से नहीं बचाया तो आने वाले समय में हमें ग्लोबल वार्मिंग, विभिन्न पर्यावरणीय समस्याओं एवं खतरों का सामना करना पड़ेगा। महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं द्वारा एन०एस०एस० कार्यक्रम अधिकारी डॉ० चन्द्रावती टम्टा, डॉ० चन्द्रमोहन जंस्वाण, डॉ० हिना नौटियाल के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर से देवतोली होते हुए कर्णप्रयाग मुख्य बाजार तक जनजागरूता रैली आयोजित की गयी। छात्र एवं छात्राओं द्वारा आम जनमानस को वन में लगने वाली आग से होने वाले पर्यावरणीय प्रदूषण एवं समस्याओं के संबंध में जागरूक किया। जनजागरूकता कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी छात्र एवं छात्रायें उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय में मनाया गया रेडक्रॉस दिवस

**8 मई,**

महाविद्यालय में विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी की तरफ से छात्र-छात्राओं को उत्तराखण्ड में रेड क्रॉस की भूमिका से सम्बन्धित जानकारी दी गई व कहा गया कि उत्तराखण्ड भूकंप,भूस्खलन, बाढ़ आदि की दृष्टि से एक संवेदनशील प्रदेश है जिसमें रेड क्रॉस की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। कार्यक्रम में इस वर्ष की थीम रही – "मानवता को जीवित रखना"। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री अखिलेश कुकरेती ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि रेड क्रॉस संस्था द्वारा स्थापित सात मूल सिद्धांत मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वतंत्रता, स्वेच्छिक




सेवा, एकता व सार्वभौमिकता ही मानवता को विश्व स्तर पर बचाए हुए है। महाविद्यालय में रेड क्रॉस प्रभारी डॉ० कीर्तिराम डंगवाल द्वारा रेड क्रॉस के जनक और संस्थापक हेनरी ड्यूनेंट के जन्म और कार्यों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर डॉ० मृगांक मलासी, डॉ० सीमा पोखरियाल, डॉ० हरीश बहुगुणा, डॉ० रविंद्र नेगी एवं स्वयं सेवी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## विभिन्न विषयों की संबद्धता हेतु विवि की टीम ने किया महाविद्यालय का निरीक्षण

**24 मई,**

श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय द्वारा गठित पैनल टीम ने वर्ष 2019-20 से 2024-25 के लिए विषयों की संबद्धता विस्तारण हेतु निरीक्षण किया। पैनल टीम के संयोजक और सदस्यों ने महाविद्यालय के कक्षा कक्षों ,प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, कार्यालय आदि का सघन निरीक्षण किया और समस्त व्यवस्थाओं पर सन्तोष व्यक्त किया व संबद्धता विस्तारण की रिपोर्ट पैनल द्वारा विश्वविद्यालय प्रेषित की गई। पैनल में कला संकाय के संयोजक के रूप में प्रो० बी० एन० खाली, विज्ञान संकाय के संयोजक डॉ० कुलदीप सिंह नेगी व प्रो० के०एन० बरमोला एवं सदस्य के रूप में डॉ० देवेश चन्द्र, डॉ० एस० पी० पुरोहित, डॉ० सुमन सिंह राणा, डा० रामचंद्र नेगी सम्मिलित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ० एम०एस० कण्डारी, डॉ० आर० सी० भट्ट, डॉ० बी० आर० अंन्थवाल, श्रीमती मीना रियाल, श्री एस० एल० मुनियाल, जे० एस०रावत, मुकेश कण्डारी, रवीन्द्र झिंकवाण सहित समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।







## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताएं

**5 जून,**

महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट व जन्तु विज्ञान विभाग के सयुंक्त तत्वाधान में कार्यशाला, जन-जागरूकता रैली और प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यशाला में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री अखिलेश कुकरेती ने जंगलों को आग से बचाने के लिए छात्र- छात्राओं को ड्रोन प्रशिक्षण देने का सुझाव दिया साथ ही उन्होंने कहा कि छात्र- छात्राएं अपने गांव के आसपास पाए जाने वाले पशु-पक्षियों के छायाचित्र लेकर डेटाबेस तैयार कर सकते हैं। पोस्टर प्रतियोगिता में अजय, सलोनी, हिमानी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान व स्लोगन प्रतियोगिता में आयशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ० इन्द्रेश पाण्डेय के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एन०एस०एस० की वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ० चन्द्रावती टम्टा व कार्यक्रम अधिकारी डॉ० हिना नौटियाल एवं डॉ० चन्द्रमोहन जसंवान उपस्थित रहे।

## सामाजिक कार्यकर्ता व भूतपूर्व शिक्षा मंत्री डॉ० शिवानंद नौटियाल का मनाया गया जन्मदिवस

**26 जून,**

महाविद्यालय में स्वर्गीय शिवानंद नौटियाल के जन्म दिवस पर उन्हें पुष्प अर्पित कर याद किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ० एम० एस० कंडारी ने बताया कि डॉ० नौटियाल ने शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रतिमान स्थापित किए। शिवानंद नौटियाल फाउंडेशन के संयोजक भुवन नौटियाल ने बताया कि 8 बार के विधायक



और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ० नौटियाल ने उच्च शिक्षा में अद्वितीय योगदान दिया। महाविद्यालय का नाम भी इन्हीं के नाम पर रखा गया है। इस अवसर पर डॉ० रविंद्र कुमार, डॉ० कीर्तिराम डंगवाल, जे. एस. रावत, एस. एल. मुनियाल तथा महाविद्यालय के कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।




## एक दिवसीय फैकल्टी डवलपमेन्ट प्रोग्राम का किया गया आयोजन

**27 जून,**

आई०क्यू०ए०सी० के अन्तर्गत डॉ० शिवानन्द नोटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग चमोली, उत्तराखण्ड व मित्तल महिला महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय फैकल्टी डवलपमेन्ट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय एन०ई०पी०-2020 रहा। डॉ० शिवानन्द नोटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान के सहायक आचार्य डॉ० मदनलाल शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर विस्तार से प्रकाश डाला व बताया कि अंतःविषय का चयन करते हुए विद्यार्थी अपने महचाहे विषय में अपना भविष्य बना सकता है एवं इसके अंतर्गत बहुमुखी विकास के लिए विविधि विषयों का समावेश किया जा रहा है। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि विद्यार्थी की सम्पूर्ण जानकारी समर्थ पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी।डॉ० शर्मा ने महाविद्यालय को नैक प्रत्यायन के अन्तर्गत B++ ग्रेड मिलने पर बधाई देते हुए विविध संकाय सदस्यों को सेमिनार के लिए प्रस्ताव, माइनर रिसर्च प्रोजेक्ट तथा मेजर रिसर्च प्रोजेक्ट तैयार करने के लिए भी निर्देशित किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० मृत्युंजय कुमार पारीक ने डॉ० मदनलाल शर्मा का स्वागत व आभार जताते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार का सहयोग बनाये रखने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विषय की सहायक आचार्या सुश्री रीना वर्मा ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

मोनाल
ई-पत्रिका

# धन्यवाद



**संरक्षकः प्रभारी प्राचार्य, श्री अखिलेश कुकरेती**

**संपादक मंडलः**

**विजय कुमार**

**हिना नौटियाल**

**कमल किशोर द्विवेदी**

**डॉ० मदन लाल शर्मा**